आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, पर्व त्योहारों पर किसी भी नई परम्परा को अनुमति न देने का दिया निर्देश, योग दिवस की व्यापक तैयारियां करने को कहा।
- राम दरबार सहित अन्य मंदिरों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में विधिविधान के साथ की गई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, प्रधानमंत्री ने कहा–एक और गौरवशाली तथा ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी अयोध्या।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गणबंधन सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कहा– सरकार समावेशी विकास के माध्यम से गरीबों के कल्याण और नागरिक सशक्तीकरण के लिए है समर्पित।
- लखनऊ तथा कानपुर के बीच रैपिड रेल के संचालन को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने दी एनओसी, सेवा शुरू होने पर चालीस मिनट में पूरा होगा सफर।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित अपने आवासीय परिसर में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और पर्व त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व त्योहारों पर किसी भी नई परम्परा की अनुमति न दी जाए। उन्होंने इक्कीस जून को योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां करने को कहा। साथ ही सभी लम्बित विकास परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिये। अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री आज महानगर के सूर्यकुंड में बने कल्याण मंडपम का उद्घाटन करेंगे।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कल प्रथम तल पर पूरे विधिविधान के साथ राम दरबार सहित अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय और स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। श्री राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय अनुष्ठान में अंतिम दिन सुबह साढ़े छह बजे से यज्ञ मंडप में पूजन हवन हुआ। इसके बाद एक साथ सभी देवालयों में काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सम्पन्न करवाया। इस समारोह में माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विग्रहों के साथ–साथ भगवान बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि–विधान से संपन्न हुई। श्रीराम दरबार और शेषावतार के साथ ही परकोटा में स्थित शिव मंदिर, गणेशजी, हनुमानजी, सूर्यदेव, मां भगवती के साथ अन्नपूर्णा माता भी प्रतिष्ठित हुईं। ये सभी प्रतिमाएं सफेद संगमरमर से बनाई गई हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार ,अयोध्या।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में राम दरबार सभी राम भक्तों को श्रद्धा और आनंद से भर देगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम की जन्मभूमि – अयोध्या, राम दरबार के अभिषेक के साथ एक और गौरवशाली और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनी है। अपने अयोध्या दौरे में मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि–विधान से दर्शन–पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने अपने तिरपनवें जन्मदिन के अवसर पर भक्तों के साथ संवाद किया और उनकी शुभकामनाएं स्वीकारीं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूरे होने पर अयोध्या के लिए करोड़ो रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है।

**जो कोई भी अयोध्या आता है अभिभूत होकर के जाता है। हमारे राम लला तो भव्य मंदिर में आ गए। उत्तर प्रदेश भी अब नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की जो रूपरेखा प्रधानमंत्री मोदी जी ने तय की आज जब जमीनी धरातल पर दिखाई दे रहा है तो अयोध्या धाम की तरह भी उत्तर प्रदेश भी चमकता हुआ दिखाई दे रहा है।**

मुख्यमंत्री ने सरयू जयंती महोत्सव की भी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पंद्रह अगस्त तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव में पैंतीस करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

**उत्तर प्रदेश में अब तक दो सौ दस करोड़ से अधिक वृक्षारोपण के लक्ष्य को वन विभाग के नेतृत्व में पिछले आठ वर्ष में उत्तर प्रदेश सरकार ने लगाया है। जिसमें 75 से 80 फीसदी जो पेड़ लगाये गए थे, वे आज भी जीवित हैं।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मजबूत बुनियादी ढांचे और समावेश की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

**********

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों पर केंद्रित एक विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज हम कौशल विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो भारत की अमृत पीढी – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है। एक रिपोर्ट–

**देश में रोजगार सृजन की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। वर्ष 2022 में शुरू किए गए रोजगार मेला कार्यक्रमों में 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। वहीं, वर्ष 2017 से 2025 तक, साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा लोग, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ से जुड़े हैं, जिनमें करीब साढ़े तीन करोड़ युवा हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत, पिछले 10 वर्षों में, 1 करोड़ 63 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। देश में शिक्षा और शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार ने इस वर्ष के बजट में, एक लाख 28 हजार 650 करोड़ रुपये की धनराशि, शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित की है, जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में छह प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की बात करें तो, 52 करोड़ से अधिक लोगों को ऋण स्वीकार किये गए हैं, जिनकी कुल धनराशि लगभग 33 लाख करोड़ रुपये है। इससे छोटे कारोबारियों को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिली है। भारत, अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। वर्ष 2016 में शुरू हुई स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, देश में 1 लाख 59 हजार से ज्यादा स्टार्टअप को मान्यता मिली है, जिससे 16 लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित हुई हैं। इन स्टार्टअप इकोसिस्टम में विशेष बात यह है कि 73 हजार से ज्यादा स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक हैं। रहीसुद्दीन रिहान के साथ, अखिल वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कल अमरीका में भारतीय प्रवासियों के प्रमुख सदस्यों से मुलाकात की। डॉ. थरूर ने काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में राजदूत केन जस्टर से भी बात की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और आतंक के पीड़ितों के बीच कोई समानता नहीं है। इस बीच, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बेल्जियम की संघीय संसद के चैंबर ऑफ डेप्युटीज के अध्यक्ष पीटर डी रोवर से मुलाकात की। श्री प्रसाद ने एकजुटता व्यक्त करने के लिए श्री डी रोवर का आभार व्यक्त किया।

**********

राजधानी लखनऊ और औद्योगिक नगरी कानपुर के बीच रैपिड रेल के संचालन के लिये लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एनओसी दे दी है। इसके शुरू होने के बाद लखनऊ से कानपुर महज चालीस मिनट में पहुंचा जा सकेगा। एक सौ साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली इस रैपिड रेल का स्टॉपेज लखनऊ, उन्नाव और कानपुर होगा।

**********